हम मदद के लिए यहाँ मौजूद है

आप्रवासन नज़रबंदी लोकपाल का कार्यालय (OIDO) एक स्वतंत्र और तटस्थ कार्यालय है—जो ICE और CBP से अलग है—जो अमेरिकी आप्रवासन हिरासत और नज़रबंदी में रखे गये सभी व्यक्तियों के लिए मानवीय व्यवहार और रहने की सुरक्षित स्थितियों के लिए प्रतिबद्ध है।

अगर आप्रवासन नज़रबंदी में रहते हुए आपने खराब व्यवहार या स्थितियों का सामना कर रहे हैं, तो OIDO मदद कर सकता है। OIDO डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी (होमलैंड सुरक्षा विभाग) का एक निष्पक्ष और स्वतंत्र कार्यालय है—अमेरिकी इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एंफोर्समेंट (ICE), अमेरिकी कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन (CBP) और नज़रबंदी केंद्र से अलग—जो आपके सुविधा-स्थलों में स्थितियों और व्यवहार की निगरानी करता है, और प्रशिक्षित केस मैनेजरों को नियुक्त करता है जो आपकी शिकायत का समाधान करने के लिए काम करते हैं।

OIDO के पास दायर की गई शिकायतें गोपनीय होती हैं, और केस मैनेजर आपकी सहमति के बिना आपके केस के बारे में कोई भी जानकारी प्रकट नहीं करेंगे। किसी OIDO केस मैनेजर से बात करने या शिकायत दर्ज करने से आपके आप्रवासन केस या नजरबंदी की स्थिति पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

शिकायत दर्ज करने के लिए, अपने सुविधा-स्थल में OIDO केस मैनेजर से बात करने के लिए कहें। अगर आप हिरासत या नज़रबंदी में हैं और आपको टैबलेट तक पहुंच प्राप्त है, तो “Requests” (अनुरोध) अनुभाग में “OIDO” टैब के तहत अपॉइंटमेंट के लिए साइन-अप करें। आपका परिवार, कानूनी प्रतिनिधि, या अन्य अधिवक्ता भी dhs.gov/OIDO पर आपकी ओर से शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

जिन मुद्दों पर आप OIDO को रिपोर्ट कर सकते हैं, उनमें शामिल हैं:

- **शारीरिक, मानसिक, या भावनात्मक शोषण**
- **अपर्याप्त भोजन या चिकित्सा उपचार**
- **खराब रखरखाव वाले या अस्वच्छ बाथरूम और विश्राम क्षेत्र**
- **सफ़ाई रखने वाली वस्तुओं (टॉयलेट पेपर, तौलिये, टूथब्रश, आदि) तक पहुंच का अभाव।**
- **रहने की खराब या असुरक्षित स्थितियाँ**

आप OIDO से किसी अन्य खराब स्थितियों या नीतियों या मानकों के संदिग्ध उल्लंघनों के बारे के बारे में भी बात कर सकते हैं।

OIDO अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ़ होमलैंड सिक्योरिटी (अमेरिकी होमलैंड सुरक्षा विभाग) (DHS) के भीतर एक स्वतंत्र कार्यालय है।

www.dhs.gov/OIDO

OIDO
आप्रवासन नज़रबंदी लोकपाल का कार्यालय